भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1700

जिसका उत्तर 28.11.2019 को दिया जाना है

त्रिची और चेन्नई के बीच नई छह लेन सड़क

1700. डॉ॰ टी॰आर॰ पारिवेन्धरः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार त्रिची और चेन्नई के बीच एक नई छह लेन की सड़क बनाने पर विचार कर रही है ताकि मौजूदा सड़क पर ट्रैफिक को कम किया जा सके;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस प्रयोजन हेतु निर्धारित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग): राष्ट्रीय राजमार्ग-45 के चेन्नई से त्रिची तक का खंड पहले ही चार लेन का है। मौजूदा सड़क खंड पर यातायात भीड़ को कम करने के लिए, उपलब्ध आरओडब्ल्यू में से किमी 28.00 से किमी 38.00 (ईरुमबुलियूर-वंदालूर-गुडुवानचेरी) तक 8 लेन बनाने के लिए 56.27 करोड़ की लागत स्वीकृत की गई है ईरुमबुलियूर-वंदालूर और वंदालूर से गुडुवानचेरी खंड में कार्य क्रमश: दिसंबर, 2019 और सितम्बर, 2020 तक पूरा किया जाना लक्षित है। तंबारम (ईरुमबुलियूर)- तिंडीवरम (93 किमी) खंड के उन्नयन हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी तैयार की जा रही है।

*****